web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union — Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 11 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 73

## बस ने सड़क पर पैदल यात्रियों और कई वाहनों को कुचला, 7 की मौत

**मुंबई । आरएनएस**

मुंबई के कुर्ला में बड़ा हादसा हुआ है। बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बेकाबू बस ने करीब 200 मीटर के दायरे में आए राहगिरों से लेकर गाडियों तक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बस की चपेट में आए 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 48 लोग घायल हैं। पुलिस के भी 4 जवान घायल हुए थे, जिनकी हालत सामान्य है।

इस हादसे में जिन 7 की मौत हुई है। कुछ मृतकों की पहचान हो गई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में शिवम कश्यप (18), कनीज फातिमा (55), अफील शाह (19) और अनम शेख (20) के रूप में हुई है। बाकी मृतकों की पहचान सामने आना बाकी है।

बीती रात बस ड्राइवर संजय मोरे को मेडिकल के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान आईपीएस अधिकारी और मुंबई पुलिस के एलएंडओ सत्यनारायण चौधरी खुद भी पुलिस स्टेशन में मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बीएमसी के एल वार्ड कार्यालय के पास व्हाइट हाउस बिल्डिंग के बाहर रात करीब 9:30 बजे हुआ है। सडक़ हादसे का शिकार हुए करीब 26 लोग घायल है। कुछ की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

घायलों का इलाज सायन और कुर्ला के अस्पताल में जारी है। घायलों में 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है, जिसमें बेकाबू बस कार को रौंदते दिखाई दे रही है। बेस्ट की बेकाबू बस की चपेट में कई गाडिय़ां आ गईं।

ये हादसा कुर्ला पश्चिम रेलवे स्टेशन रोड पर अंबेडकर नगर में उस वक्त हुआ, जब बेस्ट की रूट नंबर 332 की बस कुर्ला स्टेशन से अंधेरी जा रही थी। पुलिस ने हादसे वाली बस के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। अब बस के मेंटेनेंस की जांच जारी है।



मुंबई के कुर्ला में बेस्ट बस के एक्सिडेंट की रोंगटे खड़े करने वाली तस्वीर बता रही है कि हादसा कितना भयावह था। बताया जा रहा है कि बस का ब्रेक फेल होने के बाद ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बेकाबू बेस्ट की बस ने करीब एक दर्जन से ज्यादा गाडिय़ों को टक्कर मार दी।

लगातार 200 मीटर के दायरे में जो भी सामने आया उसे बस ने उड़ा दिया। स्कूटी, ऑटो, कार और सबके सब हादसे में चकनाचूर हो गए। कई गाडिय़ों को रौंदने के बाद बस एक बिल्डिंग के आरसीसी कॉलम से टकराकर रुक गई। बस की टक्कर इतनी जोरदार थी की बिल्डिंग की बाउंड्री वाल भी गिर गई है। बेस्ट बस की चपेट में आने से कुछ लोग घायल होकर सडक़ पर गिर गए। कुछ गाडिय़ों में घायल होकर पड़े रहे।

## उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा, गहरी खाई में गिरी कार; एक परिवार के 3 लोगों की मौत

**पौड़ी । आरएनएस**



उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां के पौड़ी जिले के सतपुली क्षेत्र में मंगलवार को एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक ही परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, हादसा गुमखाल के पास द्वारीखाल में हुआ जहां कार अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य सडक़ से नीचे लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के थे।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय परिवार दिल्ली से पौड़ी जिले में स्थित अपने गांव कुठारगांव जा रहा था। इस दौरान ही कार गहरी खाई में गिर गई। सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम को मौके पर बुलाया गया जिसने खाई में उतर कर रस्सी और स्ट्रेचर की मदद से शवों को बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान विनोद सिंह नेगी (59), उनकी पत्नी चंपादेवी (57) और उनके 26 वर्षीय पुत्र गौरव के रूप में हुई है।

एसडीआरएफ के सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज जनपद पौड़ी के थाना सतपुली के माध्यम से गुमखाल के पास द्वारिखाल में एक वाहन कार संख्या डीएल-10सीयू 6560 के खाई में गिरने की सूचना मिली। इस पर, पोस्ट सतपुली से एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल गई। जहां दुर्घटनाग्रस्त कार में एक महिला व दो पुरुष के शव मिले। जो एक ही परिवार के सदस्य थे। उन्होंने बताया कि ये लोग दिल्ली से अपने गांव कुठारगांव, पौड़ी जा रहे थे। रास्ते में द्वारिखाल में उक्त कार अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य सडक़ से लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि कार में सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आसाराम को तीसरी बार मिली पैरोल, 17 दिन तक पुणे में होगा इलाज

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को तीसरी बार पैरोल मिली है।राजस्थान हाई कोर्ट ने आसाराम को 15 दिसंबर से 17 दिन की पैरोल दी है। आसाराम को पहले ही 30 दिन की पैरोल मिली हुई थी, जिस दौरान वो जोधपुर के एक अस्पताल में इलाज करवा रहा था।पैरोल अवधि बढ़ाने के लिए उनके वकील की ओर से याचिका लगाई गई थी, जिस पर कोर्ट ने पैरोल अवधि 17 दिन बढ़ा दी है। आसाराम को सजा होने के बाद से तीसरी बार पैरोल मिली है। 7 नवंबर को जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए आसाराम को 30 दिन की पैरोल मिली थी।इससे पहले 13 अगस्त को भी 7 दिन की पैरोल मिली थी। तब भी आसाराम ने 27 अगस्त से 2 सितंबर तक पुणे के माधो बाग अस्पताल में इलाज करवाया था।बाद में इस पैरोल की अवधि भी 5 दिन बढ़ा दी गई थी। एक नाबालिग लडक़ी ने आरोप लगाया था कि आसाराम ने अगस्त 2013 में उसे जोधपुर के पास मणाई स्थित अपने आश्रम में बुलाकर बलात्कार किया था।इसके बाद आसाराम को 2013 में गिरफ्तार किया गया। मामले में 5 साल तक सुनवाई चली, जिसके बाद जोधपुर की पोक्सो कोर्ट ने 2018 में उसे दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।पिछले साल गुजरात की कोर्ट ने भी आसाराम को सूरत आश्रम में एक महिला से बलात्कार का दोषी ठहराया था।

### सात हजार करोड़ की 600 से अधिक परियोजनाओं का तोहफा देंगे पीएम

**प्रयागराज (आरएनएस)।** महाकुम्भ की औपचारिक शुरुआत के लिए 13 दिसंबर को प्रयागराज आने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात हजार करोड़ की 600 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। पीएम संगम तट पर बटन दबाकर इन परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इसकी सूची तैयार कर पीएम कार्यालय को भेज दी है। प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को प्रयागराज में लगभग साढ़े तीन घंटे रहेंगे। इस दौरान विधिवत गंगा पूजन के साथ महाकुम्भ की शुरुआत करेंगे। संगम तट पर सभास्थल से वो सात हजार करोड़ की 600 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें हनुमान मंदिर कॉरिडोर का फेज वन, भरद्वाज कॉरिडोर, शृंग्वेरपुर कॉरिडोर शामिल हैं। वहीं इसके साथ ही 12 आरओबी-आरयूबी का भी लोकार्पण करेंगे। फिलहाल सूबेदारगंज आरओबी और आईईआरटी आरओबी को लेकर संशय है। प्रधानमंत्री से लोकार्पण केवल उन्हीं परियोजनाओं का कराना है जो पूरी तरह से पूर्ण हो चुकी है। अगर पीएमओ से अनुमोदन मिला तो इसका भी पत्थर मौके पर लगाया जाएगा। नहीं तो इसे छोड़ दिया जाएगा। वहीं प्रयागराज जंक्शन-झुंसी मार्ग रेलवे ट्रैक दोहरीकरण, गंगा पर बने नए रेलवे पुल के साथ ही पांच दर्जन सडक़ों का लोकार्पण और 26 चौराहों पर हुए सौंदर्यीकरण के काम का और एक फ्लाईओवर का भी लोकार्पण शामिल हुआ।

## फिलीपींस में फिर फटा कनलाओन ज्वालामुखी, 87,000 लोगों को किया गया रेस्क्यू

**मनिला**

फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी में भीषण विस्फोट हुआ है। विस्फोट के बाद आसमान में हजारों मीटर तक राख का गुबार फैल गया। प्रशासन ने आसपास के गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है और राहत कार्य जारी है। फिलीपींस के नागरिक सुरक्षा कार्यालय ने कहा कि कनलाओन ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण लगभग 87,000 लोगों को तत्काल प्रभाव से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

नेग्रोस द्वीप पर स्थित कनलाओन ज्वालामुखी समुद्र तल से 2,400 मीटर (लगभग 8,000 फीट) की ऊंचाई पर है। यह फिलीपींस के 24 सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। इस ज्वालामुखी में पहले भी कई बार विस्फोट कर चुके हैं और इसके पास बसे गांवों के लिए यह हमेशा खतरे का संकेत रहा है।

फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने चेतावनी स्तर को बढ़ा दिया है। संस्थान ने चेतावनी दी है कि विस्फोट शुरू हो गया है जो आगे बड़े विस्फोटों में बदल सकता है। कनलाओन ज्वालामुखी आखिरी बार इसी साल जून में फटा था। यह ज्वालामुखी नीग्रोस द्वीप पर नीग्रोस ओरिएंटल और नीग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांतों में फैला हुआ है और देश के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।

गौरतलब है कि, फिलीपींस प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर में स्थित है, जो इसे भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियों के लिए संवेदनशील बनाता है। देश में 24 सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जिनमें से कनलाओन भी एक है। यहां अक्सर ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंप गतिविधियां देखने को मिलती हैं जो स्थानीय निवासियों के लिए बड़ा खतरा है।

## कुल्लू में खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, ड्राइवर समेत 3 की मौत, गाड़ी के उड़े परखच्चे

**कुल्लू । आरएनएस**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है. यहां निजी बस खाई में गिर गई. जिसमें ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए.

हादसा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ. जब मंडी जिले के करसोग से कुल्लू जिले के आनी आ रही निजी बस खाई में जा गिरी. हादसा शकेलहड़ नाम की जगह के पास हुआ. हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए. हादसे के बाद की तस्वीरें रोंगटे खड़े करने वाली है. बस के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई. हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा. एक्सीडेंट में 39 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. गंभीर रूप से घायलों को आनी और शिमला रेफर किया गया है.



कुल्लू की डीसी तोरुल एस. रवीश ने बताया कि बस करसोग से आ रही थी. ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई थी. हादसे के सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

बस के खाई में गिरने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया साथ ही पुलिस प्रशासन को हादसे की जानकारी दी. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

इस बस हादसे के घायलों को प्रशासन की ओर से 5-5 हजार रुपये और मृतकों के परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत दी गई है. पुलिस प्रशासन की ओर से इस हादसे के मृतक और घायलों के नामों की लिस्ट भी जारी की गई है.

डीएसपी आनी चंद्रशेखर ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके कर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायलों को रेस्क्यू किया गया.

इस हादसे पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने भी दुख प्रकट किया है. वहीं नेता विपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी इस हादसे के पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट की है. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक्स पर पोस्ट की है. कुल्लू जिले के अनी उपमंडल में एक निजी बस के खाई में गिरने से एक व्यक्ति की असमय मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है. हादसे में घायल हुए लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया है. साथ ही, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ.

## पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा का 92 साल की उम्र में निधन

❑ **बीमारियों से थे पीड़ित**

**नईदिल्ली । आरएनएस**



पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक में मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा (एसएम कृष्णा) का सोमवार देर रात निधन हो गया।उन्होंने रात 2:30 बजे बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। 92 वर्षीय कृष्णा उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे।उनके पार्थिक शरीर को मद्दुर ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा।कृष्णा ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 1962 में मद्दुर से ही निर्दलीय लड़ा था और कांग्रेस उम्मीदवार को हराया था।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उनके निधन पर एक्स पर कन्नड़ में लिखा, राज्य, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कृष्णा की सेवा अद्वितीय है। मुख्यमंत्री के रूप में आईटी-बीटी क्षेत्र के विकास में उनके योगदान के लिए कर्नाटक हमेशा उनका ऋणी रहेगा। कृष्णा एक गुप्त राजनीतिज्ञ थे, जो अजातशत्रु के दुश्मन थे। कांग्रेस में शामिल होने के शुरुआती दिनों में कृष्णा मेरे मार्गदर्शक-शुभचिंतक रहे। कृष्ण की दूरदर्शिता, अनुशासन, सज्जनता और अध्ययनशील रवैया उभरते राजनेताओं के लिए आदर्श हैं।

एसएम कृष्णा ने मैसूर से स्नातक तक पढ़ाई की, फिर बेंगलुरु से कानून की डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में अपनी कानून की पढ़ाई को आगे बढ़ाया। उसी समय उन्हें राजनीति में रुचि जगी।भारत लौटकर उन्होंने कुछ दिन कर्नाटक और दिल्ली हाई कोर्ट में प्रैक्टिस की। इसके बाद 1962 में कर्नाटक के मद्दुर विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लडक़र जीता।इसके बाद वे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में शामिल हुए और 1968 में मांड्या से लोकसभा उपचुनाव जीता। कृष्णा 1971 में कांग्रेस में आ गए। वे 1999 से 2004 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने रहे।इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु को आईटी हब बनाकर इसे सिलिकॉन वैली के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्होंने इंदिरा और राजीव गांधी की सरकार में भी काम किया।2004 से 2008 तक वे महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। 2009 से 2012 तक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में वे विदेश मंत्री रहे थे।कृष्णा 2017 में कांग्रेस छोडक़र भाजपा में आ गए थे।

## गगनयान मिशन के लिए इसरो और भारतीय नौसेना ने किया रिकवरी ऑपरेशन का परीक्षण

**नईदिल्ली । आरएनएस**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नौसेना ने गगनयान मिशन के लिए रिकवरी ऑपरेशन का परीक्षण किया है।इस परीक्षण में विशाखापत्तनम के तट पर स्थित एक वेलडेक का उपयोग किया गया। वेलडेक एक प्रकार का फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म है, जिसमें पानी भरा जा सकता है और इसे बुलवार्क से संरक्षित किया जा सकता है।इसका उद्देश्य क्रू मॉड्यूल को समुद्र में स्पलैशडाउन के बाद रिकवर करना है। मॉकअप क्रू-मॉड्यूल को रिकवरी प्रक्रिया की पूरी जांच के लिए इस्तेमाल किया गया।

इस परीक्षण में क्रू-मॉड्यूल से रिकवरी बॉय को जोड़ा गया, जिससे मॉड्यूल को वेलडेक शिप में खींचा जा सके।इसके बाद क्रू-मॉड्यूल को वेलडेक के भीतर एक फिक्सचर पर रखा गया। रिकवरी ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य समुद्र में क्रू-मॉड्यूल के उतरने के बाद उसे जल्दी से जहाज में खींचकर वापस लाना है।इस परीक्षण से गगनयान मिशन की सुरक्षा और प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे भविष्य में ऐसे मिशन की सफलता की संभावना बढ़ेगी।



गगनयान मिशन के लिए ग्राउंड फिक्सचर और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का परीक्षण किया गया।भारतीय नौसेना यह परीक्षण कर रही है, ताकि रिकवरी के लिए सबसे बेहतर रणनीतियों को समझा जा सके। यह परीक्षण श्रृंखला में नाममात्र और ऑफ-नॉमिनल स्थितियों के लिए एसओपी को सही किया जा रहा है।पहली गगनयान उड़ान 2025 की पहली तिमाही में होगी, जो बिना चालक दल के होगी। इसके बाद 2 और मानवरहित उड़ानें होंगी, जिनमें व्योममित्रा रोबोट भी शामिल होगी।

गगनयान मिशन का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों की टीम को पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊंची निचली कक्षा में भेजना और 3 दिन बाद उन्हें सुरक्षित रूप से वापस लाना है।इस मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के 4 पायलटों (प्रशांत नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और शुभांशु शुक्ला) का चयन किया गया है।गगनयान को इसरो के हेवी-लिफ्ट लॉन्चर एलवीएम-3 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा, जो भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ग्रामीण भारत की साक्षरता दर में शानदार तेजी, साक्षर महिलाओं की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने 100 प्रतिशत ग्रामीण साक्षरता हासिल करने में सरकारी प्रयासों और चुनौतियों को लेकर लोकसभा में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि पिछले दशक में ग्रामीण भारत की साक्षरता दर में शानदार वृद्धि देखी गई है, जो सात वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच 2011 में 67.77 प्रतिशत से बढक़र 2023-24 में 77.5 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने बताया कि यह वृद्धि मुख्य रूप से महिला साक्षरता में 14.5 प्रतिशत अंकों की वृद्धि से जुड़ी थी, जो इस अवधि के दौरान 57.93 प्रतिशत से बढक़र 70.4 प्रतिशत हो गई। पुरुष साक्षरता में भी सुधार हुआ है, जो समान अवधि में 77.15 प्रतिशत से बढक़र 84.7 प्रतिशत हो गई है।

सदन में साक्षरता को लेकर सरकारी प्रयासों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, वयस्कों के बीच ग्रामीण साक्षरता सहित साक्षरता दर में सुधार करने के लिए भारत सरकार ने कई केंद्र प्रायोजित योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, साक्षर भारत, पढऩा लिखना अभियान और चल रहे उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम।

उन्होंने वयस्क साक्षरता को बढ़ावा देने में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) की भूमिका पर जोर दिया, जिसे लोकप्रिय रूप से उल्लास योजना के रूप में जाना जाता है। अप्रैल 2022 में शुरू किया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के साथ जुड़ा यह कार्यक्रम 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को लक्षित करता है।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा, हमने उल्लास के तहत 2 करोड़ से ज्यादा शिक्षार्थियों को सफलतापूर्वक रजिस्टर किया है और 1 करोड़ से ज्यादा लोग पहले ही मूलभूत साक्षरता और न्यूमरेसी असेसमेंट टेस्ट के लिए उपस्थित हो चुके हैं।

## पटियाला हाउस कोर्ट ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के खिलाफ समन जारी किया, धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल में ही एक धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के खिलाफ समन जारी किया है. एक्टर धर्मेंद्र के अलावा दो अन्य को भी समन किया गया है. ये मामला गरम धरम ढाबा फ्रेंचाइजी से जुड़ा है.

न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) यशदीप चहल की ओर से जारी किया गया ये समन दिल्ली के बिजनेसमैन सुशील कुमार की शिकायत पर आधारित है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था.

न्यायाधीश ने 5 दिसंबर को पारित समन आदेश में कहा, रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि आरोपी व्यक्तियों ने अपने सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता को प्रेरित किया और धोखाधड़ी के अपराध के तत्वों का विधिवत खुलासा किया गया है. जिसके बाद आरोपी व्यक्तियों क्रमांक 1 (धर्म सिंह देओल), 2 और 3 को धारा 420, 120बी के साथ धारा 34 आईपीसी के तहत अपराध करने के लिए बुलाया जाता है. आरोपी व्यक्तियों क्रमांक 2 और 3 को आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के अपराध के लिए भी बुलाया जाता है, मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी, 2025 को होगी.



9 अक्टूबर, 2020 को अदालत ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग वाली एक अर्जी को खारिज कर दिया था. हालांकि, अदालत ने शिकायत का संज्ञान लिया था और शिकायतकर्ता को सबूत पेश करने का निर्देश दिया था. शिकायतकर्ता सुशील कुमार की ओर से अधिवक्ता डीडी पांडे पेश हुए.

शिकायतकर्ता के मुताबिक अप्रैल 2018 के महीने में सह-अभियुक्तों ने एनएच-24/एनएच-9, उत्तर प्रदेश पर गरम धर्म ढाबा की फ्रेंचाइजी खोलने के प्रस्ताव के लिए उनसे संपर्क किया था. शिकायतकर्ता को कथित तौर पर इस बहाने फ्रेंचाइजी में निवेश करने का लालच दिया गया था कि दिल्ली के कनॉट प्लेस और हरियाणा के मुरथल में उक्त रेस्टोरेंट की शाखाएं लगभग 70 से 80 लाख रुपये का मासिक कारोबार कर रही हैं. शिकायतकर्ता से वादा किया गया था कि उसे अपने निवेश पर सात फीसदी फायदे के आश्वासन के बदले 41 लाख रुपये का निवेश करना होगा. शिकायतकर्ता से यह भी वादा किया गया था कि उसे उत्तर प्रदेश में फ्रेंचाइजी स्थापित करने के लिए पूरी सहायता मिलेगी. इस संबंध में शिकायतकर्ता और सह-अभियुक्तों के बीच कई ई-मेल भी हुए. कई बैठकें भी हुईं. शिकायतकर्ता, उसके व्यापारिक सहयोगियों और सह-अभियुक्तों के बीच कनॉट प्लेस स्थित गरम धरम ढाबा के शाखा कार्यालय में एक बैठक भी हुई.

यह आरोप लगाया गया है कि सह-अभियुक्तों में से एक ने शिकायतकर्ता से 63 लाख रुपये और कर का निवेश करने और उक्त व्यवसाय के लिए जमीन की व्यवस्था करने के लिए कहा और जिसके बाद शिकायतकर्ता, उसके व्यापारिक सहयोगियों, सह-अभियुक्त व्यक्तियों के बीच 22 सितंबर, 2018 को एक लेटर साइन हुआ. शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे गरम धरम ढाबा की फ्रेंचाइजी के लिए 31 जनवरी, 2019 तक 63 लाख रुपये का भुगतान करना था. इसके बाद, 22 सितंबर, 2018 की तारीख वाले 17.70 लाख रुपये की राशि का एक चेक शिकायतकर्ता ने सह-आरोपी को सौंप दिया और उसी को प्रतिवादियों के खाते में भुनाया गया.